हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 17 अगस्त 2026
[देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | कायथा]

06 पुलिस परेड ग्राउंड पर नगरीय विकास...



09 शान से लहराया तिरंगा, बच्चों को सुनाई...



स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास व गरिमामय वातावरण में मनाई गई

बच्चों ने हाथों में तिरंगा लिए निकाली प्रभात फेरी
शैक्षणिक संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाई गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर की सभी शासकीय एवं अर्ध शासकीय शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित हुए। जहां पर संस्था प्रमुख तो कुछ स्थानों पर मुख्य अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। नगर में स्कूली बच्चों द्वारा राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत होकर देशभक्ति नारों से आकाश गूंजायमान करते हुए हाथों में तिरंगा लिए प्रभात फेरी निकाली गई।

स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह नगर परिषद पर आयोजित हुआ जहां नगर परिषद अध्यक्ष अंतिम विजय सोनी द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी ली गई। इस अवसर पर प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन भी किया गया। इसके पूर्व राष्ट्रीय गीत एवं राष्ट्रगान हुआ। नगर परिषद के तत्वाधान में समीपस्थ सांदीपनि स्कूल के प्रांगण में आयोजित समारोह में विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीतों पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में प्रमुख वक्ताओं द्वारा आजादी की 80वीं वर्षगांठ पर अपने-अपने विचार भी व्यक्त किए गए। ध्वजारोहण के इस कार्यक्रम में विभिन्न जनप्रतिनिधि, राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, नगर परिषद के पार्षद गण,



गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मुख्य नगर पालिका



अधिकारी मिनी अग्रवाल द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। स्थानीय जनपद पंचायत कार्यालय पर जनपद अध्यक्ष केसरबाई मुकेश चौहान द्वारा ध्वजारोहण कर ध्वज सलामी ली गई। शनिवार को स्वतंत्रता दिवस पर नगर के विभिन्न स्कूलों में भी स्कूली बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतों पर रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। राष्ट्रीय पर्व को लेकर नगर परिषद द्वारा नगर के सभी स्कूली बच्चों को मिठाई का वितरण भी करवाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर सभी ग्राम पंचायत, विकासखंड मुख्यालय के साथ शालाओं में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस



नलखेड़ा। सरस्वती विद्या मंदिर केशवकुंज नलखेड़ा में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात ध्वजारोहण एवं ध्वजवंदन के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अरविंद सिंघवी, उपाध्यक्ष, शिक्षण समिति ने की। मुख्य अतिथि के रूप में श्यामसुंदर पाटीदार, समिति सदस्य उपस्थित रहे। विशेष अतिथियों में प्रेमनारायण पाटीदार, अभिभावक प्रतिनिधि एवं भेरूसिंह दासावत, सह व्यवस्थापक उपस्थित रहे। विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर सोलंकी भी मंचासीन रहे। अतिथियों का परिचय जगदीश राठौर, नलखेड़ा द्वारा कराया गया। अतिथियों का स्वागत संतोष यादव, दीदी प्रेमलता राठौर एवं दीदी रिया सिसोदिया द्वारा किया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में श्री सिंघवी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि श्री पाटीदार ने स्वतंत्रता दिवस के ऐतिहासिक महत्व एवं देश की स्वतंत्रता के लिए किए गए बलिदानों की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में समस्त भैया-बहिनों सहित आचार्य परिवार की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने उत्साहपूर्वक राष्ट्रीय पर्व में सहभागिता करते हुए राष्ट्रध्वज के प्रति सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन जगदीश राठौर गुदरावन द्वारा किया गया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य ईश्वर सोलंकी ने सभी अतिथियों, भैया-बहिनों एवं आचार्य परिवार का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय परिसर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के जयघोष से गूंज उठा।

बगलामुखी माता का तिरंगी चुनर ओढ़ाकर किया श्रृंगार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

शनिवार को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मां बगलामुखी को तिरंगी चुनर ओढ़ाकर मां भारती के स्वरूप में सजाया गया, वहीं मंदिर परिसर और मां का आंगन भी तिरंगे के रंगों से सजा नजर आया। 15 अगस्त के मौके पर नलखेड़ा के प्रसिद्ध मां बगलामुखी मंदिर में देशभक्ति और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। मां बगलामुखी का विशेष श्रृंगार कर उन्हें तिरंगी चुनर ओढ़ाई गई और मां भारती के स्वरूप में सजाया गया। मंदिर परिसर में भी तिरंगे रंगों की आकर्षक सजावट की गई, जिसने श्रद्धालुओं का ध्यान अपनी ओर



खींचा। मां के इस विशेष स्वरूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। भक्तों के लिए यह दृश्य आस्था के साथ देशभक्ति की भावना से भी जुड़ा नजर आया।

गुरुकुल स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया आजादी का पर्व



नलखेड़ा। नगर में स्थित गुरुकुल कॉन्वेंट हायर सेकंडरी स्कूल में आजादी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बच्चों द्वारा सुंदर एवं आकर्षक प्रस्तुतियां दी गई। वहीं कुछ नन्हे मन्ने बच्चे अपने-अपने घरों से विभिन्न



महापुरुषों एवं वीरांगनाओं की वेशभूषा में पधारे, जिससे स्कूल का माहौल पूरी तरह से देशभक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कन्हैयालाल पाटीदार द्वारा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में मंगलेश भाटी, अंकिता तिलगोता, वर्षा पाठक, सोनाली जैन, अनिता जैन, अनुसुइया दांगी, मोनिका श्रीवास्तव, रीना परमार, तिलका जैन और महक जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन स्कूल के छात्र भानु प्रताप सिंह और छात्रा कुमारी खनक मकवाना द्वारा किया गया।

स्कूली बच्चों के साथ मातृशक्ति हाथों में तिरंगा थामे शामिल हुईं

देशप्रेम की भावना से ओतप्रोत तिरंगा यात्रा से मां बगलामुखी की नगरी देशभक्ति में डूबी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा अभियान अंतर्गत नगर में शुक्रवार को देशभक्ति के उत्साह के साथ तिरंगा यात्रा निकली। तिरंगा यात्रा में डीजे पर देश प्रेम का संदेश देते हुए गीत बज रहे थे। वहीं हाथों में तिरंगा लहराते हुए विभिन्न स्कूलों के हजारों स्कूली बच्चे भारत माता की जय का घोष करते हुए चल रहे थे।

इस तिरंगा यात्रा में विद्यार्थियों के साथ जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, आम नागरिक एवं मातृशक्ति भी हाथों में तिरंगा थामे शामिल हुए। तिरंगा यात्रा के दौरान माँ बगलामुखी की यह नगरी राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत नारों की गूंज के साथ राष्ट्रभक्ति में डूबी नजर आ रही थी। शुक्रवार को प्रातः 11 बजे स्थानीय जनपद पंचायत के समीप पुराने नगर पंचायत कार्यालय से विशाल तिरंगा यात्रा प्रारंभ हुई।



तिरंगा यात्रा में बैंड बाजे देशभक्ति गीतों की धुन बजाते हुए आगे आगे चल रहे थे। नगर में निकाली गई इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा में नगर के शासकीय व अशासकीय स्कूलों के हजारों विद्यार्थी हाथों में तिरंगा थामे शामिल थे,जो देशभक्ति से ओतप्रोत नारे लगाते चल रहे थे। जिनमें से कई महापुरुषों की वेशभूषा में भी थे। कई स्कूलों के घोष बैंड भी तिरंगा यात्रा को भव्य बना रहे थे।

इसके साथ ही नगर के जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल थे। इनके द्वारा नागरिकों को अपने-अपने घरों पर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराने को राष्ट्र प्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया गया। तिरंगा यात्रा हनुमान मंडी, चौक बाजार, गणेश चौराहा होते हुए समापन स्थल शिवाजी चौराहे पर पहुंची। जहां पर स्कूली छात्राओं द्वारा आकर्षक प्रस्तुतियां भी दी गई। यहाँ राष्ट्रगान एवं राष्ट्रगीत वंदेमातरम के गान के साथ तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। शुक्रवार को माँ बगलामुखी के नगरी में निकली तिरंगा यात्रा नगर के इतिहास की सबसे भव्य व ऐतिहासिक यात्रा थी।

नगर में निकाली गई तिरंगा यात्रा का जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप के सदस्यों द्वारा मंच के माध्यम से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं नगर परिषद कार्यालय पर भी तिरंगा यात्रा का पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया।

80 वां स्वतंत्रता दिवस देशभक्ति भावना के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कानड़

आजादी का 80 वां स्वतंत्रता दिवस नगर सहित आसपास के गांवों में देशभक्ति भावना के साथ पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में भी शैक्षणिक संस्थाओं, शासकीय, अशासकीय कार्यालयो, सार्वजनिक स्थानों पर ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया। नगर के शासकीय अशासकीय विद्यालय की प्रभात फेरी प्रमुख मार्गों से होते हुए नवीन बस स्टैंड पहुंची जहां नगर परिषद अध्यक्ष शिप्रा बाई बाबूलाल बीजापारी द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना के बाद राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

नगर परिषद गार्डन में नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश डीलर द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं नगर के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में प्राचार्य द्वारा स्कूल परिसर में ध्वजारोहण किया गया



रैली का पुष्पवर्षा से किया स्वागत

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुराने बस स्टैंड चौराहे पर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। जिला कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गौरीशंकर सूर्यवंशी के नेतृत्व में स्कूलों से निकलने वाली रैली में शामिल बच्चों पर पुष्पवर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। रैली में शामिल बच्चे हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जय के जयघोष के साथ आगे बढ़ रहे थे। देशभक्ति के नारों से वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर हो गया।

शासकीय अस्पताल में भी डॉक्टरों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। नगर परिषद गार्डन में उपाध्यक्ष राजेश डिलर द्वारा ध्वजारोहण किया गया जहां पार्षदगण आदि उपस्थित थे तत्पश्चात नवीन बस स्टैंड पर सार्वजानिक ध्वजारोहण नगर परिषद अध्यक्ष शिप्रा बाई बीजापारी द्वारा किया गया। इस दौरान नगर परिषद पार्षदगण, नगर के गणमान्य नागरिक, समस्त विधालयो के शिक्षक व शिक्षिकाए, एवं पत्रकार गण, एवं निकाय के कर्मचारि उपस्थित थे। ध्वजारोहण कार्यक्रमों के पश्चात शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की प्रभात फेरियां अपने-अपने गंतव्य स्थलों की ओर रवाना हुईं।

भाजपा मंडल अध्यक्ष सकलेचा ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय चौक बाजार में सार्वजनिक झंडा वंदन कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित सकलेचा द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम तथा राष्ट्रगान भी हुआ। ध्वजारोहण के इस कार्यक्रम में भाजपा मंदसौर जिला प्रभारी दिलीप सकलेचा, पूर्व विधायक फूलचंद वेदिया, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विजय सोनी, सीएमओ मिनी अग्रवाल, बोहरा समाज के वरिष्ठ हकीमउद्दीन भाई बोहरा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष साक्षी सकलेचा, पूर्व मंडल अध्यक्ष पवन वेदिया, भाजपा मंडल महामंत्री शिवम नागर, पार्षद गोवर्धन वेदिया, डॉ घनश्याम शर्मा, कैलाश पहलवान, हीरालाल सोनी, राकेश गवली, दिलीप खंडेलवाल, निलेश लोढ़ा, सुबोध सकलेचा, रितेश सोनी, दिनेश अग्रवाल, पूजा चेलावत,गोविंद टेलर आदि भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं के साथ जनप्रतिनिधि तथा अधिकारी वर्ग उपस्थित रहे। शिवाजी चौराहे पर स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ





पर भाजपा के झंडा वंदन कार्यक्रम में पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण कर सलामी दी गई। इस अवसर पर भी बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान भी हुआ।

अंबेडकर चौराहे पर पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष राठौर ने किया ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मां बगलामुखी मार्ग स्थित अंबेडकर चौराहे पर प्रतिमा स्थल पर हुए ध्वजारोहण कार्यक्रम में पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष प्रेम राठौर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्वतंत्रता दिवस की 80 वीं वर्षगांठ के अवसर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर चौराहा पर बाबा साहब अंबेडकर की प्रतिमा लगाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नगर परिषद नलखेड़ा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम राठौर द्वारा ध्वजारोहण कर उपस्थित नागरिकों के साथ तिरंगे की शान, देश की आन और भारत की एकता व अखंडता को सदैव सर्वोपरि रखते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों को निभाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर तिरंगे के रंग में रंगे हुए बड़ी संख्या में नागरिक गण उपस्थित थे।

कांग्रेस पार्टी ने सरदार पटेल चौराहे पर किया ध्वजारोहण



नलखेड़ा। स्वतंत्रता दिवस के पावन पर्व पर ब्लॉक कांग्रेस व नगर कांग्रेस कमेटी नलखेड़ा द्वारा सरदार पटेल चौराहे पर कांग्रेस पार्टी के वयोवृद्ध वरिष्ठ पदाधिकारी रोडमल राठौर द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों ने राष्ट्रध्वज को सलामी देते हुए देश की एकता, अखंडता एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा का संकल्प लिया। कार्यक्रम में देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।



निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों ने लिया लाभ

कानड़। आर्य समाज के प्रचारक एवं समाजसेवी स्वर्गीय शिव सिंह आर्य की स्मृति में रविवार को आर्य समाज मंदिर, स्वामी दयानंद मार्ग पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर स्वास्थ्य की जांच कराई और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी विजय कुमार गोयण ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में ब्लड जांच, शुगर, बीपी, वजन एवं ईसीजी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें निःशुल्क की गईं। जांच के दौरान स्वास्थ्य संबंधी समस्या पाए जाने पर मरीजों को चिकित्सकों से परामर्श लेने की सलाह दी गई।इस अवसर पर नगर परिषद उपाध्यक्ष राजेश डीलर, दरबार सिंह आर्य, कवि महेश आर्य, जगदीश आर्य, दिनेश बरेठा, प्रमोद त्रिवेदी, शिव परमार एवं मनीष सोलंकी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

नेमिनाथ प्रभु जन्म व दीक्षा कल्याणक पर दो दिवसीय महोत्सव आज से

भक्ति संध्या के साथ होंगे कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

जैन धर्म के 22वें तीर्थंकर परमात्मा नेमिनाथ प्रभु के जन्म एवं दीक्षा कल्याण के अवसर पर दो दिवसीय धार्मिक आयोजन आज से प्रारंभ होंगे। कार्यक्रम के तहत शोभा यात्रा,परमात्मा का भव्य स्नात्र महोत्सव, गिरनार तीर्थ भाव यात्रा एवं भक्ति संध्या के साथ अन्य कई धार्मिक आयोजन होंगे।

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज द्वारा जैन धर्म के 22 वे तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का जन्म एवं दीक्षा कल्याणक महोत्सव नगर में चातुर्मास हेतु विराजित कलिकुण्ड तीर्थोद्धारक प.पू. राजेन्द्र सूरीश्वर जी म.सा. की आज्ञानुवर्ती प.पू. साध्वी श्री राजगुणा श्रीजी म.सा. आदि ठाणा 4 की पावन निश्रा में 17 एवं



18 अगस्त को विभिन्न धार्मिक एवं भक्ति कार्यक्रम के साथ मनाया जाएगा। 17 अगस्त सोमवार को नगर में सौधर्म इंद्र शोभा यात्रा प्रातः 7:30 बजे लाभार्थी अमित कुमार सुमित कुमार ज्ञानचंद तातेड परिवार के निवास स्थान नीमा कॉलोनी से निकाली जावेगी। प्रातः 8:30 बजे जैन आराधना भवन, हनुमान मंडी, नलखेड़ा पर परमात्मा का भव्य स्नात्र महोत्सव लाभार्थी सुरेश कुमार पुनीत कुमार काठेड़ परिवार की ओर से होगा। दोप. 12 बजे जैन श्वे. धर्मशाला, चौक बाजार, नलखेड़ा पर स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम श्री संघ की ओर से होगा।

भगवान के जन्म कल्याणक के इस शुभ अवसर पर श्री गिरनार तीर्थ भाव यात्रा एवं भक्ति संध्या का आयोजन रात्रि 7:30 बजे से जैन आराधना भवन, हनुमान मंडी, नलखेड़ा पर आयोजित होगा। जिसमें प्रसिद्ध मिहिर शाह एवं ग्रुप, बड़ोदरा द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। 18 अगस्त मंगलवार को नेमकुमार की भव्य बारात प्रातः 8 बजे श्री चंदाप्रभु जैन श्वे. मंदिर से निकाली जावेगी। जो प्रमुख मार्गो से जैन आराधना भवन हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी। जहां बारात के समापन पर नेमझराजुल संवाद का अद्भुतझअनुपम कार्यक्रम होगा। संवाद समापन के पश्चात परमात्मा का भव्य वर्षीदान वरघोड़ा जैन आराधना भवन से निकाला जाएगा। दोप. 12 बजे जैन श्वे. धर्मशाला, चौक बाजार पर स्वामीवात्सल्य का कार्यक्रम श्री संघ की ओर से होगा। जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक ट्रस्ट द्वारा सभी श्रावक श्राविकाओ से इन सभी पावन एवं धार्मिक आयोजनों में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्मलाभ एवं पुण्यलाभ अर्जित करने की विनम्र अपील की गई है।

खबर संक्षेप

प्रेस क्लब अध्यक्ष शर्मा का निधन, अंतिम यात्रा में शामिल हुए लोग



देवास। प्रेस क्लब देवास के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ पत्रकार ललित शर्मा का 15 अगस्त को निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही पत्रकारिता जगत, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों, समाजजनों एवं शहरवासियों में शोक की लहर दौड़ गई। 15 अगस्त को सुबह वे वरिष्ठ नागरिक संस्था एवं प्रेस क्लब देवास के संयुक्त ध्वजारोहण कार्यक्रम में उपस्थित हुए थे तब पक्ष ब्राह्मण समाज के सामाजिक कार्यक्रम में भी आप शामिल हुए वहां से लौटते समय अचानक तबियत बिगड़ी और वे सभी को छोड़कर चले गए। वे स्व. केशवराव शर्मा के सुपुत्र तथा जयंत शर्मा के अनुज थे। उनके निधन से परिवार सहित पत्रकारिता जगत ने एक कर्मठ एवं मिलनसार व्यक्तित्व को खो दिया। शर्मा की अंतिम यात्रा 15 अगस्त को दोपहर 3:30 बजे उनके निज निवास, मिश्रीलाल नगर एक्सटेंशन, गोकुल गार्डन के पीछे, देवास से निकली। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन, पत्रकार साथी, राजनीतिक पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, परिवारजन, स्थानीय नागरिकों सहित कन्या शहरों से भी परिचित जन शामिल हुए। शर्मा अपने पीछे परिवार में पुत्री ऐश्वर्या एवं पुत्र अथर्व शर्मा सहित भरा-पुरा परिवार छोड़ गए हैं। परिजनों द्वारा दी गई जानकारी अनुसार अस्थि संचय 17 अगस्त सोमवार को प्रातः 9 बजे निज निवास, मिश्रीलाल नगर एक्सटेंशन, गोकुल गार्डन के पीछे, देवास से किया जाएगा। वहीं शोक बैठक 17 अगस्त को शाम 4 बजे से 6 बजे तक गोकुल गार्डन, कैलामाता मंदिर के सामने, देवास में रखी गई है।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में उल्लास और गरिमापूर्ण रूप से मनाया स्वतंत्रता दिवस

पुलिस परेड ग्राउंड पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने ध्वजारोहण कर सलामी ली



देशभक्ति से भरे गीतों पर छात्र-छात्राओं ने दी प्रस्तुतियां। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, वीरगति को प्राप्त शहीदों के परिवारजनों का किया सम्मान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। मंत्री विजयवर्गीय ने परेड का निरीक्षण किया, इस दौरान कलेक्टर ऋतु राज सिंह एवं पुलिस



अधीक्षक पुनीत गेहलोद भी उनके साथ मौजूद रहे। परेड निरीक्षण उपरांत सशस्त्र बलों द्वारा तीन बार हर्ष फायर किए गए। जिसके बाद परेड कमांडर रणजीत ठाकुर के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। विजयवर्गीय ने परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त कर रंग-बिरंगे गुब्बारे खुले आसमान में छोड़े। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश वाचन के सीधे प्रसारण को कलेक्टर मंत्री विजयवर्गीय कलेक्टर सिंह, एसपी गहलोद समेत सभी अतिथियों और गणमान्य नागरिकों ने गौर से सुना। मुख्य अतिथि मंत्री विजयवर्गीय ने बधाई संदेश का वाचन किया। मंत्री विजयवर्गीय ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं वीरगति को प्राप्त शहीदों के परिवारजनों का शॉल और श्रीफल देकर सम्मान किया। स्कूली छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं।

जिले में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

मुख्य समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों, सामाजिक संस्थाओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस पर जिले में विकासखण्ड, तहसील, नगर परिषद तथा ग्राम पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए। जिसमें जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। अपने कर्तव्य का पालन करते हुए प्राण न्योछावर करने वाले देवास जिले के वन रक्षक श्री मदन लाल वर्मा को सरकार द्वारा शहीद का दर्जा दिया गया। जिला मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। शस्त्र सहित परेड में प्रथम पुरस्कार सीआईएसएफ बैंक नोट प्रेस देवास, द्वितीय पुरस्कार जिला पुलिस पुरुष बल देवास, तृतीय पुरस्कार जिला होम गार्ड देवास को मिला। शस्त्र रहित परेड में प्रथम पुरस्कार एनसीसी सीनियर बॉयज केपी कॉलेज देवास, द्वितीय पुरस्कार नारायण विद्या स्कूल क्रमांक-1, तृतीय एनसीसी जूनियर चिमना बाई स्कूल को मिला। सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार महारानी चिमना बाई स्कूल, द्वितीय पुरस्कार सेन थॉम स्कूल, तृतीय पुरस्कार उत्कृष्ट स्कूल तथा प्रोत्साहन पुरस्कार कर्मदीप पब्लिक स्कूल को मिला।

जिला मुख्यालय पर पुलिस परेड ग्राउण्ड पर आयोजित मुख्य समारोह में जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटारिया, रायसिंह सेंधव, भैरूलाल अटारिया राजेश यादव, राजीव खंडेलवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, न्यायाधीशगण, नगर निगम आयुक्त दलीप कुमार, डीएफओ अमित सिंह,अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारीगण, पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण, पत्रकारों के साथ-साथ गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अरविंद त्रिवेदी और श्वेता काकड़े ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ हुआ।

150 किमी के दायरे में 200 से ज्यादा सीसीटीवी खंगालकर आरोपियों तक पहुंची पुलिस

चेन स्नेचिंग करने वाले दो गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

देवास और उज्जैन में महिलाओं को निशाना बनाकर चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने देवास में मंगलसूत्र लूटने के बाद उज्जैन में भी चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने करीब 150 किलोमीटर के क्षेत्र में 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान की और उन्हें गिरफ्तार कर लिया।पुलिस ने रविवार को एसपी कार्यालय में प्रेसवार्ता कर मामले का खुलासा किया।

जांच में सामने आया कि देवास में वारदात करने के बाद आरोपी पुलिस से बचने के लिए उज्जैन की ओर भागे थे। पुलिस ने उनके आने-जाने के रास्ते को चिन्हित कर विभिन्न स्थानों पर लगे कैमरों की रिकॉर्डिंग की जांच की। अलग-अलग स्थानों के फुटेज में आरोपियों की बाइक और उनकी गतिविधियों के बीच कड़ी जुड़ती गई, जिसके आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से देवास में लूटा गया करीब 80 हजार कीमत का सोने का मंगलसूत्र बरामद किया है। इसके अलावा उज्जैन में लूटी गई करीब 2 लाख कीमत की दो सोने की चेन भी बरामद की गई हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मोहम्मद जाबिर हुसैन उर्फ सत्तारिया उर्फ अठारिया (28), निवासी बाणगंगा इंदौर तथा रेहान शेख (20), निवासी बुरहानपुर, हाल मुकाम इंदौर के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार जाबिर हुसैन आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ इंदौर के अलग-अलग थानों में लूट, रंगदारी, मारपीट, आर्म्स एक्ट और आबकारी एक्ट सहित 13 मामले दर्ज हैं। वर्ष 2024 में भी उसके खिलाफ लूट के कई प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आई है।कार्रवाई में सिविल लाइन थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सोलंकी, उपनिरीक्षक संजय सौराष्ट्रीय, सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर मंडलोई, पुलिस टीम एवं साइबर सेल देवास के कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। एसपी देवास ने पुलिस टीम के कार्य की सराहना करते हुए उनका उत्साह बढ़ाने के लिए 10 हजार के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

सोनकच्छ में जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोनकच्छ में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास, उमंग और गरिमा के साथ मनाया गया। कृषि उपज मंडी प्रांगण में आयोजित मुख्य समारोह में जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन' का सामूहिक गायन हुआ। इसके बाद मंचीय कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष सूरज सिंह ठाकुर ने मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया तथा उपस्थित लोगों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।समारोह की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत 'वंदे मातरम' से हुई। समारोह में सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के महत्व के साथ भारतीय तिरंगे की गरिमा और विश्व में उसके प्रति सम्मान का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि तिरंगा केवल भारत की आन-बान-शान का प्रतीक ही नहीं, बल्कि दुनिया में विश्वास, सम्मान और मानवता की भावना का भी प्रतीक है।कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष कृष्णाबाई मदनसिंह धाकड़, नगर परिषद अध्यक्ष श्रुति सिंह बघेल, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मनासा, विधानसभा प्रभारी महेश पाटीदार, रोगी कल्याण समिति सदस्य गुड्डू मेहता, ओमप्रकाश परमार, राहुल धाकड़ सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से एसडीएम आनंद मालवीया, तहसीलदार नेहा शाह, नगर परिषद



सीएमओ अमर दास सेनानी, जनपद पंचायत सीईओ गीतिका सोनी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

निगम कार्यालय पर महापौर व जवाहर चौक पर आयुक्त ने किया ध्वजारोहण

देवास। 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के 80 वें राष्ट्रीय पर्व पर नगर निगम कार्यालय परिसर में महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल द्वारा प्रातः 7.30 बजे ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात परम्परानुसार स्थानीय जवाहर चौक पर प्रातः 8 बजे निगमायुक्त दलीप कुमार द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इन अवसरों पर तिरंगे गुब्बारे भी छोडे गये ध्वजारोहण पश्चात निगम कार्यालय परिसर में उत्कृष्ट कार्य करने वाले निगम के 61 कर्मचारियों को महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार के द्वारा प्रमाण पत्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान महापौर अग्रवाल, सभापति जैन, विधायक एवं महापौर प्रतिनिधि अग्रवाल व आयुक्त ने उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के साथ नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी।



ध्वजारोहण कर समाजबंधुओं का किया सम्मान

देवास। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर समस्त सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ, जिला देवास के तत्वावधान में स्थानीय होटल लगन पैलेस में ध्वजारोहण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा एडवोकेट ने की। मुख्य अतिथि नगर निगम सभापति रवि जैन, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, पार्षद शीतल गहलोत एवं प्रेस क्लब अध्यक्ष ललित शर्मा रहे। जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा ने अतिथियों का पुष्पमाला एवं गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। ध्वजारोहण के बाद अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शासन द्वारा मनोनीत किए गए यशवंत तिवारी, विक्रम शर्मा, कुणाल जोशी एवं डॉ. अर्चना शर्मा को जिला अध्यक्ष पंडित प्रशांत शर्मा के नेतृत्व में शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

मंत्री ने बच्चों के साथ किया मध्याह्न भोजन

देवास। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शासकीय माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-3 में आयोजित विशेष भोज में शामिल होकर बच्चों के साथ भोजन किया। इस दौरान जिंप अध्यक्ष लीला अटारिया, रायसिंह सेंधव, नगर निगम सभापति रवि जैन, दुर्गेश अग्रवाल, भेरूलाल अटरिया, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर ऋतु राज सिंह, देवास पुलिस अधीक्षक पुनित गेहलोद, नगर निगम आयुक्त दलीप सिंह, अपर कलेक्टर शोभाराम सोलंकी, अपर कलेक्टर संजीव जैन सहित शिक्षक एवं विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

राष्ट्रप्रेम की भावना से गूंजा सेंट जॉन स्कूल परिसर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



सेंट जॉन हायर सेकेंडरी स्कूल, चापड़ा में आजादी का 80वां महोत्सव हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रोटरी क्लब के सचिव कृपाल सिंह उदावत तथा विशेष अतिथि के रूप में अभिभावक-शिक्षक संघ के अध्यक्ष आर्यभूषण शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विद्यालय संचालक फादर सोनी एंटनी एवं प्राचार्य सिस्टर अर्पिता ने किया। मुख्य अतिथि कृपाल सिंह उदावत, विद्यालय संचालक फादर सोनी एंटनी एवं प्राचार्य सिस्टर अर्पिता ने संयुक्त रूप से तिरंगा फहराकर ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाकर राष्ट्र के प्रति सम्मान एवं समर्पण की भावना व्यक्त की।विद्यालय के बैंड ग्रुप, स्काउट गाइड तथा विभिन्न हाउस के विद्यार्थियों ने भव्य परेड में भाग लिया। विद्यार्थियों ने अनुशासित ढंग से मार्च पास्ट करते हुए तिरंगे को सलामी दी। कक्षा 10वीं के छात्र असीम खान ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर सभी को देशभक्ति एवं राष्ट्रप्रेम का संदेश दिया। बोर्ड परीक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि उदावत द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की छात्राओं रिया एक्कल, नितिका, अलावा एवं आयुष जायसवाल आदि ने किया। वहीं आभार प्रदर्शन विद्यालय के डिप्टी हेड बॉय अंशुमान पाटीदार ने किया।

शासकीय कार्यालयों में हुआ ध्वजारोहण, ग्रामीण अंचलों में दिखा देशभक्ति का उत्साह

जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और संस्थाओं ने दी तिरंगे को सलामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनकच्छ

नगर एवं क्षेत्र में 80वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम, उल्लास और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय कार्यालयों, पंचायत भवनों, विद्यालयों एवं विभिन्न संस्थानों में विभाग प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। नगर परिषद कार्यालय में नगर परिषद अध्यक्ष श्रुति सिंह बघेल ने पार्षदों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी।

कार्यक्रम का संचालन रविन्द्र नायक ने किया। इस अवसर पर नगर परिषद सीएमओ अमरदास सेनानी सहित पार्षद एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में अनुविभागीय कार्यालय में एसडीएम आनंद मालवीया, तहसील कार्यालय में तहसीलदार नेहा शाह, पशुपालन विभाग कार्यालय में विभाग प्रमुख डॉ. अदिति मालवीय, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में प्राचार्य नैना पाठक, शासकीय कन्या विद्यालय में प्राचार्य चंद्रकांता बैस, आवासीय कन्या छात्रावास भवन में अधीक्षिका ज्योति वडेकर तथा शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य अर्चना



श्रीवास्तव ने ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। विभिन्न कार्यालयों एवं संस्थानों में देशभक्ति से जुड़े कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

ग्रामीण अंचलों में मना स्वतंत्रता दिवस

स्वतंत्रता दिवस का उत्साह ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखने को मिला। ग्राम पंचायत अगेरा में सरपंच यदुराज सिंह अगेरा ने ग्रामीणों एवं स्कूली बच्चों की उपस्थिति में ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। ग्राम पंचायत बावई में स्कूली बच्चों, पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में सरपंच सरिता रैकवार ने ध्वजारोहण किया। सरपंच प्रतिनिधि राधेश्याम रैकवार ने स्वागत भाषण दिया। कार्यक्रम के अंत में ग्राम पंचायत सचिव अजाबसिंह सेंधव ने आभार व्यक्त किया। ग्राम पंचायत सांवेर में सरपंच अयोध्या बाई ने पंचायत भवन पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि रमेश महाराज, सचिव अंबाराम मालवीय एवं रोजगार सहायक सतीश सोलंकी मौजूद रहे। वहीं प्रतिभा हाइट्स स्कूल सांवेर में डायरेक्टर डॉ. कैलाश नारायण शर्मा ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण आध्यात्मिक अनुसंधान केंद्र की संचालिका लक्ष्मी शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। संस्कार विद्यालय सांवेर में भी स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण एवं कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बच्चों ने दीं देशभक्ति पर प्रस्तुतियां

ग्राम पंचायत भागसरा एवं एक शाला-एक परिसर शासकीय माध्यमिक विद्यालय भागसरा में भी 80वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच दिलीप बाबूलाल धाकड़ ने ध्वजारोहण गया और सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। कार्यक्रम में गांव के वरिष्ठ एवं गणमान्य नागरिक प्रहलाद सिंह सेंधव, पूर्व सरपंच बाबूलाल धाकड़, विक्रम सिंह सेंधव, धीरज सिंह, दौलत सिंह सेंधव, अनार सिंह, रविन्द्र सिंह सेंधव, पिंकेश धाकड़, महेश धाकड़, नितेश कोटड़िया, राकेश धाकड़, अनोखी लाल, जितेन्द्र सिंह धाकड़ सहित ग्रामीणजन एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओतप्रोत कविताएं एवं कहानियां प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के बाद बच्चों को मिठाई वितरित की गई। अंत में जितेन्द्र सिंह धाकड़ ने सभी अतिथियों, ग्रामीणों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया।

अमलतास विश्वविद्यालय में स्वतंत्रता दिवस पर हुआ ध्वजारोहण



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

15 अगस्त के अवसर पर अमलतास विश्वविद्यालय में ध्वजारोहण हुआ। अमलतास ग्रुप के चेयरमैन मयंकराज सिंह भदौरिया ने तिरंगा फहराकर सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मुख्य अथिति राजेश राठौड़ कार्यकारी निदेशक, एमपीआईडीसी, एवं ग्राम बांगर के सरपंच दिलीप जाट उपस्थित थे।मुख्य अतिथि राठौड़ ने अपने संबोधन में छात्रों को मार्गदर्शित कर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कार्यक्रम में विशेष आकर्षण अमलतास नशा मुक्ति केंद्र के मरीजों एवं विशेष स्कूल के बच्चों द्वारा शानदार प्रस्तुति दी, जिसे उपस्थित सभी अतिथियों ने खड़े होकर सराहा। इसके साथ ही कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। आयोजन मे विश्वविद्यालय के प्रो.चांसलर डॉ. सलिल भार्गव,अमलतास ग्रुप के वाइस चेयरमैन देवेन्द्र दुबे,विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. आर.के. सिंह,रजिस्टार डॉ. अभय गुप्ता,कॉलेज के डीन डॉ. ए.के. पीठवा, डीन मैनेजमेंट डॉ. आस्था नागर सभी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ योगेंद्रसिंह भदौरिया,डॉ संगीता तिवारी,डॉ नीलम खान,डॉ स्नेहा सहाय,डॉ अनिता घोडके,डॉ. अजय गुर्जर, डॉ.अंजली मेहता, एवं कार्यक्रम संचालन डॉ. रत्ना शर्मा द्वारा किया गया।

खबर संक्षेप

आज तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस

ललितपुर। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने आंशिक संशोधित कार्यालय ज्ञाप जारी करते हुए अवगत कराया है शासन द्वारा अगस्त माह के तृतीय शनिवार को स्वतंत्रता दिवस होने के परिप्रेक्ष्य में सम्पूर्ण समाधान दिवस को दिनांक 15 अगस्त दिन शनिवार के स्थान पर दिनांक 17 अगस्त दिन सोमवार को पूर्वाहन 11:30 बजे के बाद आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया है। अतः सोमवार 17 अगस्त को जनपद की समस्त तहसीलों में प्रातः 11:30 बजे के बाद सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया जाएगा, जिसके अंतर्गत जिलाधिकारी सत्य प्रकाश तहसील ललितपुर में उपस्थित रहकर जनसमस्याएं सुनेंगे।

जुआ खेलते 11 पकड़े 25 हजार बरामद

ललितपुर। पुलिस ने कोतवाली और थाना बानपुर क्षेत्र में दो अलग-अलग कार्रवाई की। पुलिस ने दोनों मामलों में 11 जुआरियों को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से ताश के पत्तों के साथ 25,050 रुपये की नकदी बरामद होने की बात पुलिस ने बताई है। कोतवाली क्षेत्र के बह्म चौंकी अंतर्गत हवा पट्टी पर पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर सात आरोपियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार कार्रवाई में फड़ से 23,500 रुपये, 52 ताश के पत्ते, दो अन्य पत्ते और चार सफेद कागज बरामद किए गए। आरोपियों की तलाशी से 7,600 रुपये नकद और मोबाइल फोन भी मिले। इस मामले में सौरभ जैन पुत्र सुरेन्द्र कुमार जैन निवासी तालाबपुरा, अमित पुत्र सुरेश निवासी मुक्तापुरा डैम रोड, सरताज खां पुत्र अजीज खां निवासी मुक्ताई चौक श्रीपुरा, अमित कुमार पुत्र निर्मल कुमार जैन निवासी मुख्य बाजार, अजय पुत्र पन्नालाल निवासी सावरकर बस्ती, जितेन्द्र जैन पुत्र पद्मचंद्र जैन निवासी कटरा बाजार तथा शशकिशोर साहू पुत्र मोहर लाल साहू निवासी तालाबपुरा, कोतवाली ललितपुर को गिरफ्तार किया गया। दूसरी कार्रवाई थाना बानपुर पुलिस ने छोटा राजा के होटल के पीछे खाली स्थान पर की। पुलिस के मुताबिक 13/14 अगस्त की रात गश्त और चेकिंग के दौरान टीकमगढ़ रोड पर होटल के पीछे कुछ लोग मोमबत्ती की रोशनी में ताश के पत्तों पर रुपये की हार-जीत का जुआ खेल रहे हैं। पुलिस ने फड़ से 1,550 रुपये, जामा तलाशी से 510 रुपये, कुल 2,060 रुपये नकद, 52 ताश के पत्ते और एक जली हुई मोमबत्ती बरामद की। गिरफ्तार आरोपियों में गुडडू उर्फ ताजिस्तान पुत्र वहीद खान निवासी बौरू दरवाजा, कोतवाली टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश), छोटा राजा पुत्र फुल सिंह निवासी मोहल्ला अथाई, कस्बा व थाना बानपुर, ललितपुर, चिट्टू पुत्र मोहन दास साहू निवासी ललितपुर रोड, कस्बा बानपुर तथा श्याम दोनोंवे पुत्र रामकिशन दोनोंवे निवासी बौरू दरवाजा, कोतवाली टीकमगढ़ (मध्य प्रदेश) शामिल हैं। इस मामले में एफआईआर मुकदमा दर्ज किया गया।

प्याज की फसल उजाड़ने का विरोध, मारपीट

ललितपुर। थाना बानपुर क्षेत्र के ग्राम बानपुर में खेत में लगी प्याज की पौध नष्ट करने का विरोध करने को लेकर पुरानी रंजिश में एक परिवार के साथ मारपीट और घर में घुसकर तोडफ़ोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि लाठी-डंडों से लैस लोगों ने पहले दुकान पर बैठे युवक के साथ मारपीट की और इसके बाद घर में घुसकर महिला के साथ भी मारपीट करते हुए गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर पांच नामजद समेत अन्य अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम बानपुर निवासी आत्माराम पुत्र हरिराम यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 14 अगस्त की सुबह करीब 9.30 बजे उसकी पत्नी बबीता घर के अंदर खाना बना रही थीं, जबकि उसका भतीजा शोर सिंह रामसिंह के मकान के बाहर बनी सीमेंट की दुकान पर बैठा था। आरोप है कि इसी दौरान राम किशोर, करन सिंह, खिलान सिंह पुत्रगण रत्तीराम यादव, सोनू पुत्र राम किशोर और पलियान पुत्र करन सिंह यादव, कुछ अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचे। आरोपियों ने रंजिश को लेकर शोर सिंह के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी।

जिले में भव्यता और पूर्ण गरिमा के साथ मनाया गया 80वां स्वतंत्रता दिवस

शान से लहराया तिरंगा, बच्चों को सुनाई स्वतंत्रता संग्रामियों की कहानी, बलिदान का समझाया महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

शहीदों, महापुरुषों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर किया माल्यार्पण



जिलाधिकारी सत्य प्रकाश के नेतृत्व में जनपद में 80वे स्वतंत्रता दिवस को पूर्ण भव्यता और गरिमा के साथ मनाया गया, इस अवसर कलेक्ट्रेट, विकास भवन, पुलिस लाइंस सहित सभी सरकारी, गैरसरकारी भवनों पर ध्वजारोहण किया गया और उन्हें तिरंगा रोशनी से रोशन किया गया, इसके साथ ही देश के शहीदों, महापुरुषों, वीर सपूतों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया और उनके बलिदानों को याद किया गया। साथ ही जिला कारागार व वृद्धाश्रम में फल वितरण भी किया गया।

कार्यक्रम की श्रृंखला में प्रातः जिलाधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगणों के द्वारा घण्टाघर पर महात्मा गांधी , चन्द्रशेखर आजाद, लौहपुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल, अटल बिहारी बाजपेई, बृजनन्दन किलेदार (स्वतंत्रता संग्राम सेनानी), वीर सावरकर, डॉ भीमराव अम्बेडकर, कर्पूरी ठाकुर, अवंतीबाई, महारानी लक्ष्मीबाई एवं पं परमानन्द की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट परिसर सहित अपने आवास पर ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान व राष्ट्रीय गीत का सामूहिक गायन कराया। विकास भवन में राज्यमंत्री मनोहर लाल पंथ ने ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डाला और राष्ट्रगान गाया। इसी क्रम में सभी सरकारी तथा गैरसरकारी कार्यालयों, संस्थाओं व शिक्षण संस्थानों में ध्वज फहराया गया। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट सभागार व विकास भवन में गोष्ठी का आयोजन किया गया, जहां सभी ने महात्मा गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। साथ ही राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्राओं ने देशभक्ति गीत भारत महान है गाया, जिस पर जिलाधिकारी ने छात्राओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें मिष्ठान व पुरस्कार प्रदान किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारे पूर्वजों के कारण अगर हमें आजादी नहीं मिलती तो शायद हम यहां न बैठे होते। आज हमे या हमारे बच्चों को थोड़ी सी चोट लग जाती है तो हम अस्पताल भागते हैं लेकिन एक ऐसा दौर भी था जब लोगों ने अपनी पीढ़ियों को आजाद कराने के लिए अपनी जान तक देदी थी। यहां तक कि उस दौर में हमारे पूर्वजों और उनके बच्चों ने अपनी परवाह किए बगैर स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनमें से कोई फांसी पर लटक गया, तो किसी ने आजीवन कारावास काटा, वो भी सिर्फ इसलिए कि हम खुली हवा में सांस ले सकें। ऐसे वीरों को हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि हम देश के विकास में योगदान दें और हमारे पूर्वजों का जो सपनों का भारत था उसे साकार कर विकसित राष्ट्र की संकल्पना को पूरा करें। जिलाधिकारी ने कहा कि हम आज जहां भी हैं, वहां अपना काम पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें, आप सभी भाग्यशाली हैं कि जिले की सभी विकास योजनाओं यहां से होकर गुजरती हैं, इसलिए आप बहुत महत्वपूर्ण कड़ी हैं। यदि आप अपना काम अच्छे से करेंगे तो आखिरी छोर पर खड़ा व्यक्ति भी आपके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करेगा और यही आपका धमार्थ कार्य है, क्योंकि किसी न किसी तरह से आप उस व्यक्ति की मदद कर रहे हैं।

कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने भी आप अपने विचार प्रकट किए, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह ने देशभक्ति गीत के माध्यम से आजादी के पूर्व और बाद भारत में लिए गए ऐतिहासिक निर्णयों पर प्रकाश डाला। जिला प्रोबेशन अधिकारी नंदलाल सिंह ने राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति की भूमिका बताई और देशभक्ति गीत ₹नौजवानो उठोह गाया। जिलाधिकारी के विशेष कार्याधिकारी अनिल दीक्षित ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हुए आमजनों को आजादी की महत्ता की भूमिका बताई। सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी वीरेंद्र जैन ने आजादी के लिए जनपद के वीर सपूतों महाराजा मर्दन सिंह और महाराजा मधुकर शाह के बलिदान को याद दिलाया। इसी क्रम में कवि अखिलेश शांडिल्य ने अपनी कविता हुए समर्पित तनमन जिनके हिंदुस्तानी माटी पर, हम फूलों की खेती करने वाले हैं, अमर हम जवान देश के, हम भी आगे बढ़ें तुम भी आगे बढ़ो से अमर शहीदों को याद किया। कवि रमेश पाठक ने कविता भारत देश में जन्म लिया है यह भाग्य हमारा है, देशभक्ति गीत ओ मेरे देश के वासी गाया। कलेक्ट्रेट कर्मचारी साक्षी नामदेव ने कविता चलो अपनी धरती को दुल्हन बनाएं एवं छात्रा रश्मि श्रीवास्तव ने ए वतन वतन मेरे आबाद रहे तू गीत गाया। जिलाधिकारी ने जिला कारागार में बंदियों को फलों का वितरण किया।

कीटनाशक पिलाने, गला दबाने का आरोप

8 वर्षीय बालक की हत्या के मामले में महिला गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

थाना बानपुर पुलिस ने आठ वर्षीय बालक की हत्या के मामले में वांछित चल रही एक महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी महिला पर बालक को कथित रूप से कीटनाशक दवा पिलाने के बाद गला दबाकर उसकी हत्या करने का आरोप है। गिरफ्तार अभियुक्ता को पुलिस ने नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुलिस के मुताबिक यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन में, एएसपी कालू सिंह तथा सीओ महरौनी अरविन्द्र कुमार पाण्डेय के पर्यवेक्षण में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस के अनुसार वादी मुकदमा ने 15 अगस्त 2026 को थाना बानपुर में सूचना दी थी कि उसकी ओर से दिए गए आरोप के अनुसार अभियुक्ता ने उसके करीब आठ वर्षीय पुत्र अभय को 4 अगस्त 2026 को कथित रूप से कीटनाशक दवा पिलाई और इसके बाद गला दबाकर उसकी मृत्यु कारित कर दी। सूचना के आधार पर थाना बानपुर पुलिस ने मामले में मुअसं 202/2026, धारा 103(1) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया और घटना में वांछित अभियुक्ता की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू किए। पुलिस ने मामले में वांछित पुष्पा पत्नी हरिकिशन उर्फ हरकिशन, निवासी ग्राम बिल्ला को 16 अगस्त 2026 को गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्ता को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक अरुण कुमार तिवारी, थानाध्यक्ष बानपुर, मय पुलिस टीम शामिल रही। पुलिस द्वारा मामले में आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

देशभक्ति गीतों से गूंजा घंटाघर मैदान

एक शाम शहीदों के नाम में अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर कौमी एकता सेवा समिति रजि. के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद के घंटाघर स्थित मैदान में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों के माध्यम से अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा उनके त्याग और बलिदान को याद करते हुए देश के प्रति समर्पण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम में देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों की प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना का संचार किया। वक्ताओं ने कहा कि देश की स्वतंत्रता असंख्य वीर शहीदों के त्याग और बलिदान का परिणाम है। उनके बलिदान को याद करना और आने वाली पीढय़ों को उनके योगदान से परिचित कराना प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। इस अवसर पर सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाले समाजसेवियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहभागिता कर शहीदों को नमन किया और राष्ट्रीय एकता एवं सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भाजपा जिला मंत्री सोनाली राजीव बाबेले रहीं। विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी ज्योति सिंह लोधी तथा समर्पण संस्था के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार जैन रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद ललितपुर की अध्यक्ष सोनाली जैन ने की। इस दौरान कौमी एकता और सामाजिक सद्भाव की भावना को मजबूत करने पर भी जोर दिया गया। आयोजकों ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल उत्सव का अवसर नहीं, बल्कि देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन भी है। कार्यक्रम का आयोजन कौमी एकता सेवा समिति के अध्यक्ष परवेज पठान के नेतृत्व में किया गया। अंत में काव्या सतेन्द्र प्रताप सिसोदिया ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, समाजसेवियों एवं नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा आचार्यजी, सतेंद्र प्रताप सिंह सिसौदिया, हरीश कपूर टीटू, राजेश यादव, दीपक राठौर, अमितप्रिय जैन, एड.राजेश देवलिया, एड.लखन यादव मौजूद रहे।

संविधान व लोकतंत्र की रक्षा का लिया संकल्प, जिलाध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



जिला कांग्रेस कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस पूरे उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दयाराम रजक ने ध्वजारोहण कर किया। इसके बाद राष्ट्रगान हुआ।

कांग्रेसजनों ने देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के साथ संविधान की गरिमा बनाए रखने का संकल्प लिया। ध्वजारोहण के बाद जिला कांग्रेस कार्यालय में विचार गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम रजक ने की। गोष्ठी में स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानियों, शहीदों और देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीरों को श्रद्धापूर्वक याद किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष दयाराम रजक ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस केवल एक राष्ट्रीय पर्व नहीं, बल्कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद करने का अवसर है, जिनके अथक प्रयासों के कारण देश को आजादी मिली। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन से लेकर आजादी के बाद देश के निर्माण तक कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संविधान, लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और आपसी भाईचारे की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर कार्य करने की आवश्यकता है। देश की एकता और अखंडता को मजबूत करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। मनरेगा जिला प्रभारी जसपाल सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ने देश को सत्य, अहिंसा और ग्राम स्वराज का रास्ता दिखाया। मनरेगा जैसी योजना ग्रामीण गरीबों और मजदूरों को रोजगार की गारंटी देकर उनके जीवन को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा किसानों, मजदूरों, गरीबों और आम जनता के अधिकारों की लड़ाई मजबूती से लड़ती रही है और आगे भी उनके हितों के लिए संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों को याद रखते हुए यह समझना जरूरी है कि देश की आजादी की रक्षा केवल सीमाओं पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र और संविधान की रक्षा करके भी की जाती है।

■ जिला कांग्रेस ने मनाया स्वतंत्रता दिवस

जिला उपाध्यक्ष पंकज हुण्डैत, जिला महासचिव शशिकांत दीक्षित, रामदेवी विश्वकर्मा, पार्वती झा, रफीक अली, बलवंत सिंह राजपूत, मोनू रजक, अमन साहू, संतोष राय, राकेश रजक राजपूत, धर्मेंद्र सिंह, मंजीत राजपूत, अजय कुशवाह, अर्जुन कुशवाहा, सीताराम राय, रमेश कुमार सेन, बबलू यादव, गजेंद्र सिंह बुंदेला, अक्षय दिवाकर, जितेंद्र पनारी, खलक सिंह राजपूत, महेंद्र पनारी, सोबरन सिंह सिंदवाहा, सिंह तोमर, मकरंद किलेदार, उदल सिंह पटेल, कुलदीप पाठक, बसु जैन, राहुल सेन, मु. नईम, रितेश सिंगई, असलम खान, सुजान पटेल सहित जिला कांग्रेस कमेटी एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष, विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी, वरिष्ठ कांग्रेसजन और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। कांग्रेसजनों ने देश की एकता, अखंडता, भाईचारे, संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने का संकल्प लिया।

श्रद्धालुओं ने किया 40 लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण

ललितपुर। श्रीसिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम में आयोजित सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्रीरुद्र महायज्ञ के धार्मिक अनुष्ठान में रविवार को श्रद्धालुओं ने उत्साह और श्रद्धाभाव के साथ करीब 40 लाख पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण किया। पूरे परिसर में दिनभर भगवान शिव की आराधना और हर-हर महादेव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा।

रविवार की सुबह श्रीरुद्र महायज्ञ के अंतर्गत पीठ पूजन का आयोजन किया गया। पूजन मुख्य यजमान हरीशंकर साहू द्वारा विधि-विधान से संपन्न कराया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने पार्थिव शिवलिंगों के निर्माण में सहभागिता की। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने से मंदिर परिसर में धार्मिक उत्साह का माहौल रहा। अपराह्न में श्रीरामचरित मानस का पूजन एवं आरती मुख्य यजमान डॉ. अनूप श्रीवास्तव, डॉ. रानी श्रीवास्तव, गिरीश खरे एवं सीमा खरे द्वारा की गई। इसके पश्चात कथाव्यास चंद्रभूषण पाठक ने श्रद्धालुओं को भगवान की कथा सुनाते हुए आध्यात्मिक आनंद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आनंद आध्यात्म की महत्वपूर्ण उपलब्धि है। जो व्यक्ति इसे प्राप्त कर लेता है, उसकी आध्यात्मिक अवस्था उच्च मानी जाती है। उन्होंने कहा कि बाहरी प्रसन्नता भौतिक वस्तुओं से जुड़ी होने के कारण अस्थिर होती है, जबकि आत्मिक आनंद चिरस्थायी और समभाव में रहने वाला होता है। कथाव्यास ने कहा कि सामान्यतः आनंद और उत्फुल्लता को एक ही माना जाता है, जबकि दोनों में काफी अंतर है। बाहरी वस्तुओं में मिलने वाला सुख वास्तव में हमारे अंतर्मन के आनंद का ही प्रतिबिंब है। यदि भौतिक पदार्थ वास्तव में आनंद के स्रोत होते तो एक ही वस्तु सभी के लिए समान रूप से प्रसन्नता का कारण बनती, लेकिन जीवन में ऐसा नहीं होता। उन्होंने कहा कि इस भ्रम को समझकर और दूर करके ही मनुष्य उस चिरंतन आनंद की अनुभूति कर सकता है। धार्मिक आयोजन के क्रम में भगवान भोलेनाथ का महारुद्राभिषेक आचार्य पवन शास्त्री सहित अन्य वैदिक ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ कराया गया। महारुद्राभिषेक में श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का पूजन कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर प्रेस क्लब अध्यक्ष राजीव बबेले, विजय जैन कल्लू, अनूप मोदी, राहुल शुक्ला, ब्रजमोहन संज्ञा, अश्विनी पुरोहित, संदीप तिवारी, शत्रुधन यादव, दिनेश पाठक, मनीष दुबे, रामकृपाल गुप्ता मौजूद रहे।

सांसद, राज्य मंत्री, एसपी ने किया आवासीय भवनों का भूमि पूजन

ललितपुर। जनपद ललितपुर के थाना बार में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के लिए स्वीकृत आवासीय भवनों के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन कर शुभारंभ किया गया। यह निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की स्वीकृति के बाद प्रारंभ हुआ है। पुलिसकर्मी निरंतर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए आमजन की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में उनके लिए बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार पुलिस बल के आधुनिकीकरण के साथ-साथ पुलिसकर्मियों के कल्याण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर भी कार्य कर रही है। थाना बार में आवासीय भवनों का निर्माण इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। विधायक ने इस कार्य के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा सहित पूरे जनपद में विकास एवं जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों को लगातार आगे बढ़ाया जा रहा है। सांसद अनुराग शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मी कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। आवासीय भवनों के निर्माण से पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों को सुरक्षित और व्यवस्थित आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। निर्माण पूर्ण होने के बाद थाना बार में तैनात पुलिसकर्मियों को कार्यस्थल के समीप आवासीय सुविधा उपलब्ध होगी। इससे उनके परिवारों को भी बेहतर वातावरण मिलेगा और पुलिसकर्मी अपने दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकेंगे। कार्यक्रम में राज्य मंत्री मनोहर लाल पंथ, सांसद अनुराग शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, विधायक रामरतन कुशवाहा और पुलिस अधीक्षक ललितपुर सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, पुलिस विभाग के अधिकारी, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

रिश्वत के आरोप को पुलिस ने बताया निराधार, आरक्षी लाइन हाजिर

ललितपुर। डायल-112 की पीआरवी टीम के एक कर्मचारी का पान मसाला लेते हुए वीडियो सामने आने के बाद रिश्वत लेने के आरोपों को लेकर मामला चर्चा में आ गया। पुलिस ने पूरे प्रकरण पर स्पष्टीकरण जारी करते हुए रिश्वत लेने के आरोप को असत्य एवं निराधार बताया है। वहीं शासकीय कार्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने के मामले में पीआरवी में तैनात आरक्षी राकेश मीना को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस के अनुसार, 14 अगस्त 2026 को डायल-112 पर शिकायतकर्ता अरुण लोधी ने सूचना दी थी कि दुकान से सामान लेने के बाद विपक्षी पवन द्वारा उसके रुपये नहीं दिए जा रहे हैं। सूचना मिलने पर डायल-112 की पीआरवी टीम तत्काल मौके पर पहुंची और मामले में कार्रवाई करते हुए शिकायतकर्ता को विपक्षी पवन से सामान के रुपये दिलाए गए। पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान शिकायतकर्ता के परिचित व्यक्ति द्वारा पीआरवी चालक होमगार्ड जगतनारायण को राजश्री पान मसाला दिया गया। होमगार्ड द्वारा पान मसाला अपनी जेब में रखा जा रहा था, इसी दौरान किसी व्यक्ति ने इसका वीडियो बना लिया। बाद में वीडियो के आधार पर पीआरवी कर्मचारी पर रिश्वत लेने के आरोप लगाए गए। इस संबंध में पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पीआरवी कर्मचारी द्वारा किसी प्रकार की रिश्वत लिए जाने का आरोप असत्य एवं निराधार है। पुलिस के अनुसार वीडियो में दिखाई दे रही वस्तु पान मसाला है और उसे रिश्वत के रूप में लेना प्रमाणित नहीं हुआ है।

थाना बार का एसपी ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने रविवार को थाना बार का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय, मिशन शक्ति केंद्र, साइबर हेल्प डेस्क, मेस सहित विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाना कार्यालय में साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव और उनके अद्यतन की स्थिति देखी। इसके साथ ही थाना परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था तथा आगंतुकों और पुलिसकर्मियों के लिए उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर में स्वच्छता, सुव्यवस्था और हरित वातावरण बनाए रखने के लिए नियमित साफ-सफाई एवं अभिलेखों को समय-समय पर अपडेट रखने के निर्देश दिए। एसपी ने मिशन शक्ति केंद्र के रजिस्टरों का निरीक्षण कर महिला संबंधी शिकायतों और उनके निस्तारण की स्थिति की गहनता से समीक्षा की। उन्होंने रजिस्टरों को नियमित रूप से अद्यतन रखने तथा महिला संबंधी अपराधों में सूचना मिलते ही पुलिस टीम को तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साइबर हेल्प डेस्क के अभिलेखों और रजिस्टरों का भी निरीक्षण किया गया। एसपी ने प्राप्त साइबर शिकायतों की स्थिति की जानकारी लेते हुए डेस्क पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों को साइबर अपराध के पीड़ितों को तत्काल सहायता उपलब्ध कराने तथा शिकायतों का शीघ्र और प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने प्रभारी निरीक्षक और समस्त पुलिसकर्मियों को निर्देशित किया कि थाना परिसर में आने वाले प्रत्येक फरियादी और आगंतुक के साथ शिष्ट, सम्मानजनक और संवेदनशील व्यवहार किया जाए। उन्होंने सीयूजी फोन को सदैव क्रियाशील रखने तथा प्राप्त होने वाली कॉल का समयबद्ध तरीके से जवाब देने के निर्देश दिए।

साथ ही जनसामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन और बिक्री के विरुद्ध आबकारी विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर संयुक्त टीम बनाकर नियमित एवं प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध मादक पदार्थों और शराब की तस्करी अथवा कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्रवाई करने को कहा।

जिला मुख्यालय पर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने ध्वजारोहण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त मंदसौर जिले में भी पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर जिले भर में ध्वजारोहण किया गया प्रभात फेरियां निकाली गई। जिला मुख्यालय पर आयोजित मुख्य समारोह में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान सांसद सुधीर गुप्ता सांसद, राज्यसभा बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया, पूर्व मंत्री कैलाश चावला, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, कलेक्टर दिव्यांक सिंह, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, अपर कलेक्टर एकता जायसवाल आदि उपस्थित थे।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने भी संदेश का वाचन करते हुए मंदसौर जिले में शासकीय योजनाओं कार्यक्रमों की प्रगति एवं उपलब्धियां से अवगत कराया कार्यक्रम में होमगार्ड, पुलिस, सशस्त्र बल, स्काउट द्वारा आकर्षक मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि देवड़ा द्वारा खुली जीप में सवार होकर परेड का निरीक्षण किया गया उनके साथ कलेक्टर दिव्यांक सिंह तथा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना थे। मुख्य अतिथि देवडा ने परेड कमांडरों से परिचय भी प्राप्त किया इस अवसर पर हर्ष फायर किया गया मुख्य अतिथि द्वारा समृद्धि एवं विविधता के प्रतीक गुब्बारे उड़ाए गए।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री देवड़ा द्वारा लोकतंत्र सेनानियों का सम्मान किया गया। स्कूली विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

मंदसौर जिले में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



उप मुख्यमंत्री देवड़ा ने स्वास्थ्य संस्थाओं का लोकार्पण किया

जिला मुख्यालय स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के पश्चात इसी परिसर में उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने जिले के इंदिरा गांधी जिला चिकित्सालय परिसर में निर्मित 50 बिस्तरीय क्रिटिकल केयर ब्लॉक निर्माण कार्य का लोकार्पण किया कार्य की लागत 1663 लाख रुपए है। इसके अलावा 295.45 लाख रुपए लागत से आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बालागुड़ा विकासखंड मल्हारगढ़ एवं 159 लाख रुपए लागत से निर्मित किए गए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम निम्बोद विकासखंड धुंधडका का लोकार्पण भी किया गया।

मंदसौर जिले की विकास गाथा पुस्तक का वितरण किया गया

स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह में जनसंपर्क विभाग द्वारा मंदसौर जिले के लिए प्रकाशित ''बदलते दौर का मध्य प्रदेश मंदसौर जिले की विकास गाथा'' पुस्तक का वितरण किया गया। जनप्रतिनिधियों नागरिकों को पुस्तक प्रदान की गई। विकास गाथा में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में शासन के ढाई वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं कार्यक्रमों में लाभान्वित किए गए हितग्राहियों शासकीय योजनाओं के अंतर्गत परिलक्षित प्रगति की जानकारी दी गई है

शिवना शुद्धिकरण के 138वें दिन निकली 30 ट्रॉली जलकुंभी व कचरा

हर रविवार शिवना नदी के लिए दो घंटे श्रमदान करें : विधायक विपिन जैन





हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

शिवना नदी को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषणमुक्त बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे शिवना शुद्धिकरण अभियान के 138वें दिन रविवार को बड़ी संख्या में श्रमदानियों ने नदी तट पर पहुंचकर श्रमदान किया। बारिश के पानी के साथ नदी में बहकर आई जलकुंभी, प्लास्टिक सहित अन्य कचरे को बाहर निकाला गया । सामूहिक श्रमदान से करीब 30 ट्रॉली जलकुंभी एवं कचरा नदी से बाहर निकाला गया ।

अभियान के दौरान विधायक विपिन जैन ने कहा कि शिवना नदी हमारी साझा धरोहर है और इसे स्वच्छ रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने नगरवासियों से अपील की कि प्रत्येक रविवार सुबह 7 से 9 बजे तक होने वाले शिवना शुद्धिकरण अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर श्रमदान करें। उन्होंने कहा कि यदि हर नागरिक सप्ताह में केवल दो घंटे शिवना के लिए दे, तो नदी को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प निश्चित रूप से पूरा होगा।

13 अगस्त को भी निकाली थी 16 ट्रॉली जलकुंभी



गौरतलब है कि 13 अगस्त गुरुवार को बारिश के पानी के साथ अचानक बड़ी मात्रा में जलकुंभी शिवना नदी में बहकर आ गई थी। सूचना मिलते ही विधायक विपिन जैन श्रमदानियों के साथ तत्काल मौके पर पहुंच श्रमदान कर करीब 16 ट्रॉली जलकुंभी नदी से निकालकर सफाई कार्य किया गया था ।

इन्होंने किया श्रमदान

रविवार को शिवना शुद्धिकरण अभियान में समाजसेवियों में सर्वश्री हेमराज खाबिया, राकेश जैन पिंटू, शांतिलाल मेमावत, गुराडिया शाह गांव से पारसमल पाटीदार, धर्मेंद्र सेन, भागीरथ पाटीदार, पवन पाटीदार, विजयपाल सिंह, कोमल सेन, पुष्कर सेन, पुष्कर पाटीदार, रामसुख पाटीदार, पीयूष सेन, दलौदा सगरा गांव से सर्वश्री गणेशराम मालवीय, ईश्वरलाल मालवीय, रामप्रसाद मालवीय, अमलावद गांव से श्री कैलाश कुमावत ने श्रमदान किया। महिला नेत्रियों में रफत पयामी, सोनाली जैन, राखी सत्रावाला,इष्टा भाचावत, प्रमिला पंवार ने श्रमदान किया ।कांग्रेसजनों में सर्वश्री तरुण खिंची, शैलेन्द्र बघेरवाल, राजनारायण लाड़,विकास दशोरा,दिलीप देवड़ा, कचरमल जटीया,राजेश फरक्या,पंकज रैकवार, मनोज जैन, रमेश ब्रिजवानी, सुभाष जैन,साबिर इलेक्ट्रिशियन, अजय सोनी, जयेश पालीवाल, कपिल पंड्या, योगेश जोशी, रमेश कुमावत,सादिक गोरी, अशोक राव,अंसार मेव, नितनेश बसेर सहित अन्य श्रमदानियों ने सफाई में योगदान दिया ।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में सैनिक स्कूल मंदसौर की जूनियर बटालियन का चौथी बार प्रथम स्थान



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

80वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शनिवार को मंदसौर के कॉलेज ग्राउंड में जिला स्तरीय मुख्य समारोह देशभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रातः 9:05 बजे ध्वजारोहण कर तिरंगे को सलामी दी। इसके पश्चात राष्ट्रगान हुआ और उपमुख्यमंत्री ने मुख्य परेड का निरीक्षण किया।

समारोह का प्रमुख आकर्षण ड्रिल प्रतियोगिता रही, जिसमें सैनिक स्कूल मंदसौर की जूनियर बटालियन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। अनुशासन, सटीक कदमताल, उत्कृष्ट तालमेल और प्रभावशाली सैन्य ड्रिल का प्रदर्शन करते हुए सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेट्स ने निर्णायकों को प्रभावित किया और विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

सैनिक स्कूल मंदसौर के कैडेट्स की यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की ड्रिल प्रतियोगिता में जूनियर बटालियन ने लगातार चौथी बार प्रथम स्थान प्राप्त किया है। लगातार चार वर्षों से इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में शीर्ष स्थान हासिल करना सैनिक स्कूल के कैडेट्स के अनुशासन, कठिन प्रशिक्षण, टीम भावना एवं समर्पण का प्रमाण है।

राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी

ड्रिल के दौरान विभिन्न प्लाटूनों ने अनुशासित एवं सधे हुए कदमों के साथ मार्चपास्ट किया और राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। सैनिक स्कूल मंदसौर की जूनियर बटालियन ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से समारोह में उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। समारोह में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के साथ सांसद सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक विपिन जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व मंत्री कैलाश चावला एवं पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से कलेक्टर दिव्यांक सिंह, पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना, सहित अधिकारी समारोह में उपस्थित रहे।

सैनिक स्कूल मंदसौर के प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रकाश चंद्र धनगर, सचिव अशोक पारीख, सह सचिव एवं प्रबंधक सुनील शर्मा, कोषाध्यक्ष राजदीप परवाल और प्राचार्य व कमांडेंट एके चतुर्वेदी ने सभी कैडेट्स को और उनके प्रशिक्षकों को शुभकामनाएं दीं।

नपाध्यक्ष गुर्जर ने नपा कार्यालय भवन पर ध्वजारोहण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

नपा परिषद मंदसौर के द्वारा 80वां स्वतन्त्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर की उपस्थिति में नपाध्यक्ष रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने नपा कार्यालय भवन पर ध्वजारोहण किया।

ध्वजारोहण के अवसर पर नपा कर्मचारियों ने राष्ट्रगान किया तथा मिठाई बांटकर एक दूसरे को स्वतन्त्रता दिवस की शुभकामनाये दी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष गुर्जर ने कहा कि स्वतन्त्रता दिवस पर हम सभी अपने कर्तव्यो के प्रति सचेत रहने का संकल्प लें। देश की आजादी हमें बहुत मुश्किलों से मिली है हम सभी इस आजादी का महत्व समझें तथा देश की उन्नति के लिये कार्य करें। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने भी अपने विचार रखे।

बाबा महादेव की शाही पालकी यात्रा का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सोमवार को आयोजित बाबा महादेव की शाही पालकी यात्रा प्रारंभः प्रातः 10:30 बजे मंदिर परिसर से होकर प्रतापगढ पुलीया मण्डी गेट धान मण्डी, बडा चौक, गणपती चौक, वरूण देव मंदिर से माहेश्वरी धर्मशाला से होते हुए आर के हास्पीटल, गोलचौराहा, सरदार पटेल चौराहा, गॉधी चौराहा से होते हुए बस स्टेण्ड, घण्टाघर, सदर बजार होते हुए पुन मंदिर परिसर पहुचेगी । यात्रा समापनः रात्रि 8:00 बजे मंदिर परिसर में शयन आरती एवं विसर्जन के साथहोगी।

यात्रा की मुख्य आकर्षण एवं विशेषताएंः इस वर्ष की शाही पालकी यात्रा को ऐतिहासिक और भव्य रूप देने के लिए निम्नलिखित विशेष आकर्षण तय किए गए हैं।

दिव्य एवं शाही पालकीः बाबा महादेव की स्वरूपवान, फूलों और पारंपरिक आभूषणों से सुसज्जित अलौकिक पालकी यात्रा का मुख्य केंद्र होगी

श्री शयनकाल आरती युवा पालकी मंडल के तत्वावधान में आयोजन



पारंपरिक वाद्ययंत्रः यात्रा के आगे गूंजते कर्णप्रिय ढोल-नगाड़े और सुप्रसिद्ध बैंड-बाजे माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बनाएंगे।

अखाड़ों का प्रदर्शनः सनातन संस्कृति की अनूठी परंपरा के अनुसार विभिन्न आकर्षक अखाड़ों के उस्तादों और कलाकारों द्वारा साहसिक करतब व प्रदर्शन किए जाएंगे।

मनमोहक झांकियांः भगवान शिव की महिमा और विभिन्न पौराणिक प्रसंगों को दर्शाती सजीव एवं आकर्षक झांकियाँ यात्रा की शोभा बढ़ाएंगी।

मातृशक्ति की सहभागिताः महिला मंडलों और मातृशक्ति की विशेष उपस्थिति व भक्ति प्रस्तुतियाँ इस यात्रा के अनुशासन और भक्ति भाव को और प्रगाढ़ करेंगी।

विशाल जनसैलाबः क्षेत्रभर से उमड़ने वाले हजारों शिवभक्तों की उपस्थिति से एक विशाल और भव्य शोभायात्रा का स्वरूप देखने को मिलेगा।

समूचे अंचल में आजादी का 80वां स्वतंत्रता दिवस उत्साह से मनाया

सम्मान पूर्वक ध्वजारोहण कर शहीदों को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भानपुरा/मंदसौर

शासकीय एवं अन्य संस्थाओं में देश की आजादी का 80 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास एवं राष्ट्रीयता से ओतप्रोत होकर पूरे उत्साह व सम्मान पूर्वक राष्ट्रीय तिरंगा ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। नगर में मुख्य कार्यक्रम नगर परिषद कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया द्वारा राष्ट्रीय तिरंगा ध्वजारोहण कर सभी को बधाई दी गई। इस अवसर पर आयोजन में शामिल क्षैत्रिय विधायक चंदर सिंह सिसोदिया ने अपने संबोधन में मध्य प्रदेश की अनेक रोजगार एवं जनहितैषी योजनाओं पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए समस्त उपस्थित जनों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी।

इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



भानपुरा शंकराचार्य मठ के पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित स्वामी श्री ज्ञानानंद तीर्थ महाराज ने अपने प्रवचनों में उपस्थित जनों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सभी के लिए प्रांणों के समान राष्ट्र प्रिय होना चाहिए , आपने अंग्रेजों की गुलामी से देश को आजाद दिलाने वाले अमर शहीदों को याद किया, आपने कहा कि आज भी हम अंग्रेजों के कानून को लाद कर चल रहे हैं जिससे मुक्ति पाना जरूरी है, देश के अमर शहीदों का एक ही लक्ष्य था कि देश किस तरह से आजाद हो देश की आजादी में जाति समुदाय व भिन्न-भिन्न समाज के लोगों ने देश के लिए अपने बलिदान दिए, आपने कहा कि कुछ चीज दूसरों के हाथों में गई तो फिर हमेशा के लिए चली जाती है आपने कहा कलम, धरती माता एवं पुस्तक कभी दूसरे के हाथों में नहीं जाना चाहिए, आपने सभी को शुभकामनाएं प्रदान की। इस अवसर पर मिसा बंदी लोकतंत्र सेनानी देवीलाल धाकड़ व जगदीश चन्द्र बोहरा का शॉल श्रीफल व पुष्प मालाएं पहनकर स्वागत किया गया।

अतिथियों के द्वारा शांति का संदेश देते आसमान में गुब्बारे छोड़े गए। आभार नवागत मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार शर्मा द्वारा व्यक्त किया गया। साथ ही संदीपनी शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में भी महाराज श्री द्वारा प्रवचन देकर उपस्थित जनों को आशीर्वाद दिया यहां एनसीसी की छात्राओं द्वारा जोरदार परेड निकाली गई। यहां ध्वजारोहण प्राचार्य सुनील कुमार तिवारी द्वारा किया गया, वहीं जनपद पंचायत भानपुरा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी राम प्रताप सिंह पंवार की उपस्थिति में जनपद अध्यक्ष विजय पाटीदार ने ध्वजारोहण किया एवं यहां राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम गाया गया। न्यायालय भवन में जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश बृजेश कुमार गोयल एवं वरिष्ठ सिविल जज न्यायालय के न्यायाधीश गुरवेंद्र कुमार हुरमाड़े ने राष्ट्रीय तिरंगा ध्वजारोहण किया, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य शेखर वाधवा, तहसील कार्यालय में तहसीलदार मुकेश निगम, पुलिस थाना भानपुरा में थाना अधिकारी विनय बुंदेला द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

कार्यालय नगर परिषद् नलखेड़ा जिला -आगर-मालवा (म.प्र.)

क्रमांक / निर्माण / ई-टेण्डरिंग/2026/346-348 नलखेड़ा, दिनांक 12-08-2026

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद द्वारा समस्त पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद् नलखेड़ा द्वारा नीचे दिये निम्नलिखित निर्माण कार्य कराये जाने है। जिसकी ई-निविदा ऑनलाईन टेण्डर ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पोर्टल http:/mptenders.gov.in के माध्यम से यू.ए.डी.डी. एस.ओ.आर. प्रचलित से लागू दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है।

क्र	ऑनलाईन टेंडर नं.	कार्य का नाम	अनुमान पत्रक (लाख मे)	अर्नेस्ट मनी	निविदा प्रपत्र मूल्य	समयावधि
1	2	3	4	5	6	7
1	2026_UAD_529161_1	वार्ड क्र. 03, 08 14 में सी.सी. रोड़ एवं आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य।	41.97	31500	5000	6 माह
2	2026_UAD_529225_1	वार्ड क्र. 07, 09 10 में सी.सी. रोड़ एवं आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य।	40.18	30150	5000	6 माह
3	2026_UAD_529252_1	ट्रिचिंग ग्राउण्ड में 3 टी.पी.डी. मॉडल डिजाईन कार्य।	33.10	24830	5000	6 माह

निविदा प्रपत्र क्रय करने की दिनांक 13-08-2026 से 27-08-2026

निविदा ऑनलाईन प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 27-08-2026 एवं उक्त निविदा दिनांक 31-08-2026 को ऑनलाईन खोली जावेगी। निविदा सूचना में कोई भी संशोधन समाचार पत्र में न दिये जाकर वेबसाइट पर ही जारी किये जावेंगे। केवल उपरोक्त वेब साइट से ही ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र क्रय किये जा सकते है।

नोट :- निविदा की विस्तृत शर्ते एवं प्राक्कलन का अवलोकन कार्यालयीन समय मे कार्यालय में प्राप्त कर सकते है।

(अंतिम विजय सोनी)
अध्यक्ष
नगर परिषद् नलखेड़ा

(मिनी अग्रवाल)
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद् नलखेड़ा